AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : एमए-एमएससी योगा की परीक्षाएं 19 से

विवि ने कई और पीजी कोर्सों का जारी किया कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक के कई और कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अनुसार एमए-एमएससी योगा तीसरे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट) की परीक्षा 19 फरवरी से 3 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। एमए ह्यूमन कांसियसनेस एंड यौगिक साइंसेज तीसरे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट) की परीक्षा 19 फरवरी से 5 मार्च तक होंगी। विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

एमएससी रिन्यूवेबल एनर्जी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 फरवरी से 3 मार्च तक और एमएससी रिन्यूवेबल एनर्जी तीसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) इंप्रूवमेंट की परीक्षा 26 फरवरी को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। एमएससी बॉटनी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 फरवरी तक , एमएससी माइक्रोबायोलॉजी तीसरे सेमेस्टर की 21 से दो मार्च तक, एमएससी प्लांट साइंस तीसरे सेमेस्टर की 21 से 26 फरवरी तक और इंटर डिपार्टमेंटल थ्योरी परीक्षा तीसरे सेमेस्टर की 18 फरवरी को होगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवेल मैनेजमेंट तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 19 से 28 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विभाग में और प्रैक्टिकल व वाइवा 4 मार्च को इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज सेकंड कैंपस में होगी। मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड मैनेजमेंट तीसरे सेमेस्टर (बैक पेपर, ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 19 से 2 मार्च तक, बीबीए टूरिज्म तीसरे सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर व छूटे छात्रों) की परीक्षा 19 से 2 मार्च तक, बीबीए टूरिज्म पांचवें सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर व छूटे छात्रों) की परीक्षा 18 से 26 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विभाग में और प्रैक्टिकल व वाइवा 4 मार्च को इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज सेकंड कैंपस में होगी। मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड मैनेजमेंट तीसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 19 से 28 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विभाग में और प्रैक्टिकल व वाइवा 2 मार्च को इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज सेकंड कैंपस में होगी। मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड मैनेजमेंट तीसरे सेमेस्टर (बैक पेपर, ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 19 से 2 मार्च तक, बीबीए टूरिज्म तीसरे सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर व छूटे छात्रों) की परीक्षा 19 से 2 मार्च तक, बीबीए टूरिज्म पांचवें सेमेस्टर

21 तक भरें परीक्षा फार्म

लविवि प्रशासन ने विषम सेमेस्टर यूजी, पीजी, मैनेजमेंट, विधि व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों के नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्रों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परीक्षा फार्म ऑनलाइन विवि की वेबसाइट पर जाकर भरे जाएंगे। विवि के विद्यार्थी फार्म भरकर 23 फरवरी तक जमा करेंगे। वहीं लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर के सहयुक्त कॉलेज 23 तक और हरदोई व लखीमपुर के 24 फरवरी तक फार्म जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विषम सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रवेश शुल्क डीन/हेड के जरिये लॉगिन से ऑनलाइन 15 तक जमा कर सकते हैं।

एथलेटिक्स की गतिविधियां भी शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑफलाइन क्लास शुरू होने के साथ ही एथलेटिक्स एसोसिएशन की अन्य गतिविधियां भी शुरू हो गई हैं। एथलेटिक्स एसोसिएशन के महामंत्री प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल व अन्य एथलेटिक गतिविधियां महाराजा सिंह जिम्नेजियम मैदान में शुरू हो गई हैं। संबंधित खेलों के विद्यार्थी अपने शिक्षक से संपर्क कर संबंधित गतिविधियों में शिरकत करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रो. आईबी सिंह को किया याद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग में शुक्रवार को प्रथम प्रोफेसर आईबी सिंह स्मृति व्याख्यान का आयोजन ब्लंडेड मोड पर आयोजित किया गया। पिछले वर्ष 11 फरवरी को को प्रो. सिंह का देहावसान हुआ था। पिछले 35 सालों से वे लविवि के अकेले ऐसे शिक्षक थे, जिन्हें फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी का सम्मान प्राप्त था। दिल्ली विवि में भूविज्ञान के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर सिंह के सहपाठी प्रो. डीएन बनर्जी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। अमेरिका के निरंकार प्रसाद ने आईबी सिंह के छात्र जीवन तथा उनके द्वारा विदेशों में किए गए शोधों की चर्चा की। (माई सिटी रिपोर्टर)

सचिन श्रीवास्तव को गोल्ड मेडल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर आरडी मिश्रा ने अपने माता-पिता की स्मृति में विभाग में लॉजिक विषय में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च नंबर पाने वाले विद्यार्थी के लिए एक गोल्ड मेडल की घोषणा की थी। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में विभाग के सचिन श्रीवास्तव को यह पदक प्राप्त हुआ। वहीं मनी शिवा को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च नंबर प्राप्त करने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। आईसीपीआर की छात्रवृत्ति पाने वाले विभाग के विद्यार्थियों इरम खान, दीपक कुमार, अखिलेश यादव और विवेक कुमार को भी सम्मानित किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

पीजी के कई विषयों की परीक्षाएं 19 फरवरी से

तैयारी पूरी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

19 से होंगी योगा, यौगिक साइंस, टूरिज्म आदि की परीक्षाएं

21 से शुरू होंगे एमएससी बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी के पेपर

लखनऊ विश्वविद्यालय में जारी हो रहे परीक्षा कार्यक्रमों के क्रम में शुक्रवार को पीजी के कई विषयों के कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड किए गए। इनमें एमए यौगिक साइंस, एमए/एमएसी योगा, एमएससी रीन्यूएबल एनर्जी, बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी आदि विषय शामिल हैं। परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। बता दें कि ये उन्हीं परीक्षाओं के रिवाइज्ड कार्यक्रम जारी हो रहे हैं।

ये है परीक्षा कार्यक्रम

- एमए यौगिक साइंस
  सुबह 9 से 12 बजे तक
  19, 22, 25 फरवरी, 03 व 05 मार्च
- एमए/एमएसी योगा
  सुबह 9 से 12 बजे तक
  19, 22, 25 फरवरी, 03 मार्च
- एमएससी रीन्युएबल एनर्जी सेमेस्टर तीन- दोपहर 2 से 5 बजे तक
  21, 24, 26 फरवरी व 02 मार्च
  05 मार्च को प्रैक्टिकल/वायवा
- एमएससी रीन्युएबल एनर्जी सेमेस्टर
  तीन (ओल्ड कोर्स)- दोपहर 2 से 5 बजे तक , 26 फरवरी
- एमएससी बॉटनी सेमेस्टर तीन
  दोपहर 2 से 5 बजे तक
  21, 24, 26 फरवरी
- एमएससी माइक्रोबायोलॉजी सेमेस्टर
  तीन- दोपहर 2 से 5 बजे तक
  21, 24, 26 फरवरी व 02 मार्च
- एमएससी प्लांट साइंस सेमेस्टर
  तीन- दोपहर 2 से 5 बजे तक
  21, 24, 26 फरवरी
- एमटीटीएम सेमेस्टर तीन
  दोपहर 2 से 5 बजे तक
  19, 22, 25, 28 फरवरी
  02 मार्च को प्रैक्टिकल/वायवा
- एमटीटीएम सेमेस्टर तीन (ओल्ड कोर्स)
  दोपहर 2 से 5 बजे तक
  19, 22, 25, 28 फरवरी व 02 मार्च
- बीबीए टूरिज्म सेमेस्टर तीन
  दोपहर 2 से 5 बजे तक
  19, 22, 25, 28 फरवरी व 02 मार्च
- बीबीए टूरिज्म सेमेस्टर पांच
  दोपहर 2 से 5 बजे तक

एलयू: दर्शनशास्त्र के छात्रों को दिए गए मेडल

लखनऊ। लखनऊ विवि में दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. आरडी मिश्रा ने अपने माता पिता की स्मृति में विभाग में लॉजिक विषय में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च नंबर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के लिए एक गोल्ड मेडल की घोषणा की थी। शुक्रवार को हुए एक कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग के सचिन श्रीवास्तव को यह पदक प्राप्त हुआ और मनी शिवा को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया।

प्रथम प्रोफेसर आईबी सिंह स्मृति व्याख्यान

लखनऊ। एलयू के भूगर्भ विज्ञान विभाग सभागार में शुक्रवार को प्रथम प्रोफेसर आईबी सिंह स्मृति व्याख्यान का आयोजन भौतिक व वर्चुअल माध्यम द्वारा कराया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में विभाग के सारे शिक्षक व छात्रों के अलावा विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. सुधीश मेहरोत्रा, डॉ. विनीत वर्मा और बीएसआईपी व जीएसआई के बहुत से वैज्ञानिकों ने भौतिक रूप से सहभागिता की।

i-NEXT PAGE 2

पीजी के कई कोर्स की एग्जाम डेट डिक्लियर

LUCKNOW (11 Feb,inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अपने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के कई और विषयों की एग्जाम के डेट शुक्रवार को घोषित कर दी है. यह एग्जाम 18 फरवरी से शुरू होंगे. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने कोर्स के हिसाब से अपना एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं.

CONCEPT PIC

यह है एग्जाम शेड्यूल

- एमए ह्यूमन कांसियसनेस एंड यौगिक साइंसेज थर्ड सेमेस्टर
- 19 फरवरी- घेरंड संहिता- पेपर 1
- 22 फरवरी- रिसर्च एंड स्टेटिस्टिकल मैथडोलाजी फॉर एक्सीवाइएस- पेपर 2
- 25 फरवरी- साइंस ऑफ सोल
- 28 फरवरी- योग: ए मेथड ऑफ मैनेजमेंट ऑफ डिजीजेस
- 3 मार्च- प्रैक्टिकल ऑफ योगा
- 5 मार्च-प्रैक्टिकल एंड वायवा वाइस

एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी थर्ड सेमेस्टर

21 फरवरी- एनर्जी स्टोरेज
24 फरवरी- एनर्जी इफिसिएंट बिल्डिंग
26 फरवरी- सोलर एनर्जी सिस्टम, बायो एनर्जी सिस्टम
2 मार्च- क्लाइमेट चेंज एंड कार्बन ट्रेडिंग
5 मार्च- केस स्टडी ऑन सोलर एनर्जी सिस्टम

एमए- एमएससी योगा थर्ड सेमेस्टर

19 फरवरी- योगा इन भगवद गीता
22 फरवरी- रिसर्च एंड स्टेटिस्टिकल मैथडोलाजी इन योगा
25 फरवरी- योगा थ्योरी एंड प्रैक्टिस-3
28 फरवरी- एनिमेंट इंडियन योगिक, योगा एंड वैल्यू बेस्ड एजुकेशन, आयुर्वेदा स्वास्थ्य वृत एंड योगिक डाइट
3 मार्च- डाइट, न्यूट्रिशन एंड हर्बल मेडिसिन

एमएससी माइक्रोबायोलाजी थर्ड सेमेस्टर

21 फरवरी- माइक्रोबियल बायोटेक्नोलाजी एंड बायो इंफार्मेशन
24 फरवरी- एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन
26 फरवरी- मशरूम कल्टीवेशन, ईकोटूरिज्म
2 मार्च- इंडस्ट्रियल एंड फूड माइक्रोबायोलाजी

एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी थर्ड सेमेस्टर ओल्ड

26 फरवरी- सोलर फोटोवोल्टिक पावर प्लांट्स (इलेक्टिव)

एमएससी (बाटनी) थर्ड सेमेस्टर

21 फरवरी- प्लांट फिजियोलाजी
24 फरवरी- एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन
26 फरवरी- मशरूम कल्टीवेशन, इकोटूरिज्म

एमएससी प्लांट साइंस थर्ड सेमेस्टर

21 फरवरी- प्लांट फिजियोलाजी, एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन
26 फरवरी-मशरूम कल्टीवेशन, इकोटूरिज्म

एमएससी फिजिक्स मिड सेमेस्टर टेस्ट 16 से

एलयू ने एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर फिजिक्स मिड सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है. 16 फरवरी को क्लासिकल मैकेनिक्स, 17 फरवरी को मैथमेटिकल फिजिक्स, 18 को इलेक्ट्रोमैगनेटिक थ्योरी, 19 को फ्रंटियर आफ फिजिक्स और 21 को एटामिक एंड मालिक्यूलर फिजिक्स का एग्जाम होगा.

JAGRAN CITY PAGE I & III

परास्नातक : कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथियां तय

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परस्नातक पाठ्यक्रमों में कई और विषयों की परीक्षाओं की तिथियां तय कर दी हैं। इन परीक्षाओं की शुरुआत 18 फरवरी से होगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

एमएससी फिजिक्स मिड सेमेस्टर टेस्ट 16 से: लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएससी प्रथम सेमेस्टर फिजिक्स मिड सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 16 से 21 फरवरी तक होंगी। परीक्षा का समय दोपहर एक से दो बजे तक होगा। परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक 16 फरवरी- क्लासिकल मैकेनिक्स, 17 फरवरी- मैथमेटिकल फिजिक्स, 18 फरवरी- इलेक्ट्रोमैगनेटिक थ्योरी, 19 फरवरी- फ्रंटियर आफ फिजिक्स और 21 फरवरी को एटामिक एंड मालिक्यूलर फिजिक्स विषय का मिड सेमेस्टर टेस्ट होगा।

ये है परीक्षाओं का शेड्यूल

- एमए ह्यूमन कांसियसनेस एंड यौगिक साइंसेज तीसरा सेमेस्टर : 19 फरवरी- घेरंड संहिता-पेपर 1, 22 फरवरी-रिसर्च एंड स्टेटिस्टिकल मैथडोलाजी फार एक्सीवाइएस- पेपर 2, 25 फरवरी-साइंस आफ सोल, 28 फरवरी-योग : ए मेथड आफ मैनेजमेंट आफ डिजीजेस, तीन मार्च-प्रैक्टिकल आफ योगा, पांच मार्च-प्रैक्टिकल एंड वायवा वाइस।
- एमए-एमएससी योगा तीसरा सेमेस्टर : 19 फरवरी - योगा इन भगवद्गीता (कोर कोर्स), 22 फरवरी- रिसर्च एंड स्टेटिस्टिकल मैथडोलाजी इन योगा (कोर कोर्स), 25 फरवरी- योगा थ्योरी एंड प्रैक्टिस-3 (कोर कोर्स), 28 फरवरी- एनिमेंट इंडियन योगिक, योगा एंड वैल्यू बेस्ड एजुकेशन, आयुर्वेदा स्वास्थ्य वृत एंड योगिक डाइट (इलेक्टिव पेपर), तीन मार्च- डाइट, न्यूट्रिशन एंड हर्बल मेडिसिन (इंटरडिपार्टमेंटल कोर्स)।
- एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी तीसरा सेमेस्टर : 21 फरवरी-एनर्जी स्टोरेज, 24 फरवरी-एनर्जी इंफेसिएंट बिल्डिंग, 26 फरवरी-सोलर एनर्जी सिस्टम (इलेक्टिव), बायो एनर्जी सिस्टम। (इलेक्टिव), दो मार्च-क्लाइमेट चेंज एंड कार्बन ट्रेडिंग, पांच मार्च-केस स्टडी आन सोलर एनर्जी सिस्टम (इलेक्टिव), केस स्टडी आन बायो एनर्जी सिस्टम। (इलेक्टिव)।
- एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी तीसरा सेमेस्टर ओल्ड : 26 फरवरी-सोलर फोटोवोल्टिक पावर प्लांट्स (इलेक्टिव)।
- एमएससी (बाटनी) तीसरा सेमेस्टर : 21 फरवरी- प्लांट फिजियोलाजी, 24 फरवरी- एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन, 26 फरवरी- मशरूम कल्टीवेशन, इकोटूरिज्म।
- एमएससी माइक्रोबायोलाजी तीसरा सेमेस्टर : 21 फरवरी- माइक्रोबियल बायोटेक्नोलाजी एंड बायो इंफार्मेशन, 24 फरवरी- एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन, 26 फरवरी- मशरूम कल्टीवेशन, ईकोटूरिज्म, दो मार्च- इंडस्ट्रियल एंड फूड माइक्रोबायोलाजी।
- एमएससी प्लांट साइंस तीसरा सेमेस्टर : 21 फरवरी- प्लांट फिजियोलाजी, एप्लाइड बाटनी-1, एनालिटिकल टेक्निक्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन, 26 फरवरी- मशरूम कल्टीवेशन, इकोटूरिज्म।
- इनकी परीक्षा तिथि भी तय : मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम)-सेमेस्टर-3 : 19 से 28 फरवरी, प्रैक्टिकल एवं वायवा : दो मार्च, एमटीटीएम बैक पेपर ओल्ड कोर्स : 19 फरवरी से दो मार्च, बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (टूरिज्म)-सेमेस्टर 3- 19 फरवरी से दो मार्च, बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (टूरिज्म)-पांचवां सेमेस्टर-18 से 26 फरवरी, प्रैक्टिकल एंड वायवा-चार मार्च।

पदक से सम्मानित किए गए सचिन और मनी

लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च नंबर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सचिन श्रीवास्तव और मनी शिवा को सम्मानित करते विशेषज्ञ • सौजन्य : स्वयं

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. आरडी मिश्रा ने अपने माता-पिता की स्मृति में गोल्ड मेडल की घोषणा की थी। यह मेडल विभाग में लाजिक विषय में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च नंबर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के लिए दिया जाना था।

शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग के सचिन श्रीवास्तव को यह पदक दिया गया। इसी तरह मनी शिवा को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। इसी अवसर पर विभाग के चार विद्यार्थी जिन्हें आईसीपीआर (इंडियन काउंसिल आफ फिलासफिकल रिसर्च) की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई उन्हें भी सम्मानित किया गया। आइसीपीआर छात्रवृत्ति इरम खान, दीपक कुमार, अखिलेश यादव और विवेक कुमार को मिली है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के इरम खान, दीपक कुमार, अखिलेश यादव और विवेक कुमार को मिली है आइसीपीआर छात्रवृत्ति

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 2

कुलपति ने बांटे पोषण आहार किट



लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ समाज कार्य विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा गोद लिए गए वच्चों को कुलपति आलोक कुमार राय द्वारा पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही कुलपति ने इन वच्चों की शिक्षा व मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा उठाए जाने के निर्देश भी दिए।

लविवि छात्रों को दिए गए मेडल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर आरडी मिश्रा ने अपने माता पिता की स्मृति में विभाग में लॉजिक विषय में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च नंवर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के लिए एक गोल्ड मेडल की घोषणा की थी। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग के सचिन श्रीवास्तव को यह पदक प्राप्त हुआ एवं मनी शिवा को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक पाने पर गोल्ड मेडल दिया गया। दर्शनशास्त्र विभाग के सभी शिक्षकों एवं विभागाध्यक्ष की उपस्थिति के वीच यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें विभाग के 4 विद्यार्थी जिन्हें आईसीपीआर की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई उन्हें भी सम्मानित किया गया।

TRUE TIMES PAGE 2

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर किया गया पोषण आहार किट वितरण और अन्य कार्यक्रम

टू टाइम्स संवाददाता

आयोजित कार्यक्रमों की संरंखला में प्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ पोषण आहार किट का वितरण करके किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा गोद लिए गए बच्चों को कुलपति आलोक कुमार राय द्वारा पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही कुलपति ने इन बच्चों की शिक्षा व मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा उठाए जाने के निर्देश भी दिए । पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय ने कुलपति का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के संचालन में डॉ. अंजेंद्र कुमार यादव एवं डॉ. परिमा सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया।

दूसरा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के तौर पर मनाया गया ।

इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डी आलोक कुमार राय के संरक्षण में किया गया, जिसका संचालन करते हुए बंधन जोशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो० अनूप कुमार भारतीय को आमंत्रित किया जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक एक महिला परिवार दोनों हुए पंडित दीनदयाल शोधपीठ के गठन का उद्देश्य बताया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और उनके चिंतन पर विचार विमर्श किया इस कार्यक्रम के भी मुख्यतया शोधपीठ द्वारा शुरुवं ही कर दी गई थी जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा गोद लिए गए बच्चों एवी कुलपति द्वारा पोषण आहार किट बाटकर किया गया । भारतीय द्वारा कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में केजीएमयू के रेजिस्ट्रेट मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सुधीकांत को उनके विचार व्यक्त करने हेतु आमंत्रित किया जिसमें प्रोफेसर सुधीकांत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए देश के प्रति समर्पण एवं योगदान की चर्चा का मुख्य उल्लेख किया जिसमें अंत्योदय और उनकी सोच का विशेष महत्व बताया पंडित के अनुसार अंत्योदय का अर्थ ' अंत में हर व्यक्ति का उदय ही अंत्योदय का सिद्धांत है इसके पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रपति सम्मान एवं साहित्य अकैडमी पुरस्कार से पुरस्कृत प्रोफेसर ओमप्रकाश पांडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सम्बंधित अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें मुख्य रूप से जनसंघ की एवं समाज कल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों का वर्णन किया गया , पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रेरणा अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें प्रोफेसर सुधीकांत ने यह बताया कि एक राष्ट्र की प्रकृति कैसी हो सकती है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चित्त चेतना को केंद्र क्या सोचो ये जिसका अर्थ है की राष्ट्र की चेतना के अनुसार ही कोई राष्ट्र चलना चाहिए ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अंजेंद्र कुमार यादव ने कार्यक्रम के संरक्षक कार्यक्रम कुलपति डी आलोक कुमार राय ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो० अनूप कुमार भारतीय ,केजीएमयू के रीजिस्ट्रेट मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सुधीकांत ,साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत प्रोफेसर ओमप्रकाश पांडे एवं सभी शोध स्कॉलर एवम सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

THE PIONEER PAGE 3

Legal rights of women discussed

Lucknow (PNS): Lucknow University has a specific Gender Sensitization Cell established by Vice-Chancellor AK Rai to cater to gender-related issues and to make the university campus gender-neutral. The cell is working consistently to sensitise the students and teaching & non-teaching staff.

In this backdrop, a special online talk was organised on Thursday by convenor of GENSEN Roli Misra on the theme, 'Legal rights of women and their relevance in the present social context'. She was supported by other members of the cell — Madri Kakoti, Anupama Singh and Chandra Sen.

Resource person P S.Mehra, senior advocate in Allahabad and Uttarakhand High Court, and also an alumnus of LU, provided an elaborate exposition of the legal rights of women and its different dimensions. He talked about various articles and amendments related to legal rights of women.

The event was attended by dean, Academics (LU), Rakesh Chandra, professors from Delhi University along with more than 100 participants from UP and other states.